हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 31 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 35.3 डिग्री
न्यूनतम 18.0 डिग्री

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से
- महावीर जयंती पर शहर में अलग-अलग जगहों पर कार्यक्रम
- सफाई कर्मचारियों की बैठक सुबह 11 बजे

### एचएसवीपी की ग्रीन बेल्ट में सालों से चल रही थीं गोशालाएं, लंबे समय तक निष्क्रिय बने प्रशासन की टूटी नींद

# फ्लाईओवर के नीचे से हटेंगी दोनों गोशालाएं, ब्राह्मणवास होंगी शिफ्ट

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की ग्रीन बेल्ट में नियमों की अनदेखी करते हुए सनसिटी के पास फ्लाई ओवर के नीचे और रेलवे लाइन के पास चलाई जा रही गोशालाओं को ब्राह्मणवास में शिफ्ट किया जाएगा। ग्रीन बेल्ट का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक उपयोग के लिए हरित क्षेत्र बनाए रखना होता है। इस पूरे मामले में प्रशासन लंबे समय तक निष्क्रिय बना रहा, जिससे न केवल पर्यावरण को

**ग्रीन बेल्ट के नियमों की अनदेखी के कारण पर्यावरण को हो रहा था नुकसान**

नुकसान पहुंचा, बल्कि प्रशासन की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठे। अब प्रशासन ने गोशालाओं को शिफ्ट करने का निर्णय लिया है। एचएसवीपी की ग्रीन बेल्ट, जो हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए आरक्षित होती है उस पर कई वर्षों तक गोशालाएं संचालित होती रहीं और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना रहा।



प्रशासन ने पहले जानबूझकर आंखें बंद की, अब की जा रही शिफ्टिंग की तैयारी

### जानिए... क्या कहते हैं ग्रीन बेल्ट के नियम

नियम साफ कहते हैं कि ग्रीन बेल्ट में ऐसी कोई गतिविधि नहीं हो सकती, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। यहां केवल पार्क, गार्डन, ओपन जिम, पेड़-पौधे और हल्की अस्थायी संरचनाएं ही बनाई जा सकती हैं। इसके बावजूद सनसिटी के पास फ्लाईओवर के नीचे और रेलवे लाइन के दोनों ओर दो गोशालाएं लंबे समय से चलती रहीं। पशुओं की मौजूदगी, गंदगी, दुर्गंध और ट्रैफिक बाधाओं के बावजूद न तो कार्रवाई हुई और न ही कोई ठोस रोकथाम।

### एचएसवीपी की चुप्पी ही मानी जा रही विवाद की जड़

एचएसवीपी की चुप्पी ही सनसिटी के पास फ्लाईओवर के नीचे और रेलवे लाइन के दोनों ओर गोशालाओं के विवाद की जड़ मानी जा रही है। यदि संबंधित प्राधिकरण समय रहते सख्त रुख अपनाता, तो न तो इस तरह की गतिविधियां पनपतीं और न ही बाद में उन्हें हटाने जैसी नौबत आती। अब जब इन गोशालाओं को हटाने और अन्य स्थानों पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है तो यह उम्मीद की जा रही है कि भविष्य में ग्रीन बेल्ट से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### ग्रीन बेल्ट में नहीं खोली जा सकतीं गोशालाएं: डीसी

गोशालाएं गांव ब्राह्मणवास में शिफ्ट होंगी। इसको लेकर आज सोमवार को अधिकारियों की मीटिंग ली थी। कब तक शिफ्ट होंगी, इसकी तारीख फिक्स नहीं की गई है। हुडा की ग्रीन बेल्ट में गोशालाएं नहीं खोली जा सकती हैं।
- **सचिन गर्ग**, डीसी, रोहतक

### हम शिफ्ट होने को तैयार



सरकार यदि हमें किसी उपयुक्त स्थान पर गोशाला बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराती है, तो हम यहां से शिफ्ट होने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम प्रशासन के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और चाहते हैं कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकले, ताकि पशुओं की देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।
-**पुष्पा राणा**, गोशाला संचालक

## खबर संक्षेप

### 7 को होंगी एमडीयू की री-अपीयर परीक्षाएं

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने पहले रद्द की गई पीजी कोर्सेज की री-एग्जामिनेशन के लिए नई तिथि घोषित कर दी है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि नियमित और दूरस्थ शिक्षा मोड के तहत होने वाली ये परीक्षाएं अब 7 अप्रैल 2026 को आयोजित की जाएंगी। इनमें पीजी 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स के विभिन्न विषयों के तीसरे सेमेस्टर (री-अपीयर) और एमए चौथे सेमेस्टर (री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट) की परीक्षाएं शामिल हैं। संबंधित पाठ्यक्रमों की डेटशीट आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है और एडमिट कार्ड भी वहीं से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के परिणाम किए जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने फरवरी 2026 में आयोजित विभिन्न पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि पीएचडी कोर्स वर्क (अंग्रेजी), इतिहास, लाइब्रेरी एवं सूचना विज्ञान, शारीरिक शिक्षा तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विषयों की परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए गए हैं।

### सुर्खियों में रही नगर निगम हाउस की बैठक, डस्टबिन खरीद से लेकर शौचालय तोड़ने तक उठे सवाल

# 17 लाख घोटाले के आरोप से शुरू हुई बैठक, 314 करोड़ का बजट पास

पार्षदों ने जांच की मांग की; मेयर बोले- नियमों के तहत हुआ काम

**पार्षद कंचन खुराना बोलीं, 17 लाख के डस्टबिन निगम ने 34 लाख में खरीदे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला विकास भवन में सोमवार को हुई नगर निगम हाउस की बैठक विकास योजनाओं से ज्यादा आरोप-प्रत्यारोप के कारण सुर्खियों में रही। बैठक में जहां एक ओर 314 करोड़ रुपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया, वहीं दूसरी ओर पार्षदों ने निगम कार्यों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। बैठक की अध्यक्षता मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने की। निगम ने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए 316 करोड़ रुपये राजस्व संग्रह का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। हालांकि, बजट पास होने की औपचारिक प्रक्रिया के बीच ही पार्षदों ने शहर में लगाए गए डस्टबिन और निर्माण कार्यों को लेकर सवाल खड़े कर दिए, जिससे माहौल गरमा गया।

सबसे पहले शहर में लगाए गए डस्टबिन की खरीद को लेकर विवाद शुरू हुआ। पार्षद कंचन खुराना ने आरोप लगाया कि जिन डस्टबिन की वास्तविक कीमत लगभग 17 लाख रुपये है, उन्हें निगम ने 34 लाख रुपये में खरीदा है। उन्होंने इसे सीधे तौर पर 17 लाख रुपये का घोटाला बताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पार्षद डिंपल जैन ने किला रोड पर बने सार्वजनिक शौचालय को लेकर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब दो साल पहले बनाए गए शौचालय को बिना हाउस की अनुमति के तोड़ दिया गया और कुछ ही दूरी पर नया शौचालय बना दिया गया। इतना ही नहीं, पुराने निर्माण का मलबा भी गायब कर दिया गया, जिसकी कोई जानकारी निगम रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं है।



**रोहतक।** बैठक को सम्बोधित करते मेयर रामअवतार वाल्मीकि व निगम कमिश्नर डॉ आनंद कुमार शर्मा व अपने विचार रखते पार्षद डिंपल जैन, कपिल नागपाल तथा प्रवीन कौशिक।

### हर कार्य के लिए कमेटी गठित हो

वार्ड–7 के पार्षद कपिल नागपाल ने कहा कि किसी भी कार्य को करवाने से पहले पार्षदों समेत सात लोगों की टीम गठित होनी चाहिए। ताकि पार्षद को भी सभी कार्यों का पता रहे की उसमें कब क्या होने जा रहा है। बहुत बार वार्ड में काम शुरू हो जाता है, लेकिन हमें पता तक नहीं लग पाता। वहीं शौचालय को लेकर भी काफी बहस हुई लेकिन उसका कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाया।

### मेयर ने आरोपों की स्थिति को किया स्पष्ट

इन आरोपों के बीच मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि नगर निगम का बजट पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ाया गया है, ताकि शहर में विकास कार्यों को गति दी जा सके। उन्होंने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में 296 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया था, जिसमें से 273 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

### निगम कमिश्नर ने खारिज किए सभी आरोप, बोले- नियम के तहत हुई खरीद

निगम कमिश्नर डॉ आनंद कुमार शर्मा ने डस्टबिन खरीद के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सभी खरीद सरकार की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार की गई है। और इसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि कोई पार्षद संतुष्ट नहीं है, तो मामले की जांच करवाई जाएगी।

### स्वच्छता में रैंक पाने वाले पार्षद सम्मानित

मेयर व निगम कमिश्नर ने वार्ड-6 को सबसे स्वच्छ वार्ड, वार्ड-16 को दूसरे स्थान पर व वार्ड-8 व वार्ड-20 को तीसरे स्थान पर स्वच्छता में रैंक हासिल करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया है। वहीं वार्ड के अन्य सदस्यों को भी इसी तरह आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।

### वार्ड-9 के दिवंगत पार्षद बिजेंद्र हुड्डा को श्रद्धांजलि

26 मार्च को वार्ड-9 के पार्षद बिजेंद्र हुड्डा का हदृय गति रूकने से निधन हो गया था। उसी दिन निगम पार्षदों की निजी होटल में बैठक भी होनी थी जिसे रद्द करना पड़ा। वहीं सोमवार को बैठक के दौरान उनको श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### आज भी खुलेगा नगर निगम कार्यालय, जमा होगा संपत्तिकर



■ सुविधा के लिए बढ़ाए काउंटर, ऑनलाइन भुगतान का भी विकल्प उपलब्ध

**रोहतक।** नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि के मद्देनजर नगर निगम रोहतक का कार्यालय 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को अवकाश के दिन भी खुला रहेगा। इस दिन संपत्तिकर जमा कराने के लिए कार्यालय अन्य कार्यदिवसों की तरह संचालित होगा, जिसके लिए आवश्यक कार्यालय आदेश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अतिरिक्त काउंटर भी लगाए गए हैं। इससे करदाताओं को कम समय में सुगमता से अपना संपत्तिकर जमा कराने में मदद मिलेगी। निगम प्रशासन द्वारा काउंटरों पर सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निगम आयुक्त ने कहा कि अक्सर देखा जाता है कि लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या के चलते कार्यदिवसों में निगम कार्यालय नहीं पहुंच पाते, जिससे कर भुगतान में देरी हो जाती है। इसलिए अवकाश के दिन भी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन माध्यम से भी संपत्तिकर जमा करने की सुविधा उपलब्ध है।

## गोहाना रोड शनि मंदिर के पास चरस के साथ युवक गिरफ्तार

जुलाना निवासी अमित के रूप में हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने एक युवक को संदिग्ध हालत में काबू कर उसके पास से 110 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना पुरानी सब्जी मंडी के प्रभारी उप निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी सुखपुरा चौक की टीम, सउपनि कुलदीप के नेतृत्व में गोहाना रोड पर शनि मंदिर के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में नजर आया। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की और शक के आधार पर काबू कर लिया। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से 110 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान अमित पुत्र सुचा, निवासी जुलाना (जिला जींद) के रूप में हुई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई।

### ईएएसआई ने सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारी, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

# परिवार ने उठाए सवाल : न दबाव, न तनाव फिर भी कुलदीप ने क्यों दे दी जान, नहीं आ रहा समझ

■ कलानौर थाने के बाहर हुई घटना, परिवार ने कहा तनाव नहीं था, जांच की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



सोमवार को जिले में उस समय सनसनी फैल गई जब डायल-112 पर तैनात एक एग्जम्प्टेड असिस्टेंट सब-इंस्पेक्टर ने अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। यह घटना कलानौर थाने के बाहर हुई, जिसने पुलिस विभाग समेत पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। मृतक की पहचान 53 वर्षीय कुलदीप सिंह के रूप में हुई है, जो इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल पर तैनात थे। घटना के तुरंत बाद उनके साथियों ने गंभीर हालत में उन्हें पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआई रोहतक पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



**रोहतक।** घायल कुलदीप को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में लाए पुलिस अधिकारी।

### 15 साल पहले बस गए थे रोहतक में

कुलदीप सिंह मूल रूप से झज्जर जिले के डीघल गांव के रहने वाले थे। करीब 15 वर्ष पहले वह रोहतक आकर बस गए थे। शुरुआत में उन्होंने शिवाजी कॉलोनी में निवास किया, जिसके बाद वह झज्जर चुंगी स्थित कमला नगर में अपने परिवार के साथ रहने लगे। लंबे समय से वे यहीं स्थायी रूप से रह रहे थे और अपनी नौकरी भी यहीं से कर रहे थे।

### परिवार ने उठाई जांच की मांग

घटना के बाद परिवार सदमे में है। परिजनों का कहना है कि कुलदीप सामान्य जीवन जी रहे थे और उन पर किसी प्रकार का पारिवारिक या मानसिक तनाव नहीं था। ऐसे में उन्होंने यह कदम क्यों उठाया, यह समझ से परे है। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### बड़ा परिवार, पीछे छोड़े तीन बच्चे

कुलदीप सिंह छह भाइयों में से एक थे। उनके एक भाई का पहले ही निधन हो चुका है। तीन भाई कमला नगर में रहते हैं, जबकि दो भाई गांव डीघल में ही निवास करते हैं। कुलदीप अपने पीछे दो बेटियों और एक बेटे सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव डीघल में किया जाएगा।

### एसएचओ बोले- हर एंगल से जांच जारी

इस बारे में कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि कुलदीप ड्यूटी के दौरान खाना खाने के लिए गए थे। इसी दौरान थाने के बाहर उन्होंने खुद को गोली मार ली। पुलिस ने कुलदीप के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पीजीआई भेज दिया है। मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास जारी है।

### पंचकूला से पहुंची टीम ने की जांच, कुछ समय पुलिस भी रही तैनात

# 160 करोड़ के गबन की गूंज रोहतक तक, बैंकों में हड़कंप

अचानक हुई कार्रवाई से कुछ समय के लिए बैंक परिसर में रहा हल्का तनाव का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्माल फाइनेंस बैंक में सामने आए 160 करोड़ रुपये के गबन मामले की गूंज अब रोहतक तक पहुंच गई है। सोमवार सुबह अचानक हुई जांच कार्रवाई से शहर के बैंकिंग क्षेत्र में हलचल मच गई। पंचकूला से आई जांच टीम ने दोनों बैंकों की शाखाओं में पहुंचकर दस्तावेजों और लेन-देन से जुड़ी जानकारी की पड़ताल की।



बैंक के बाहर पुलिस कर्मी।

### स्टाफ से की पूछताछ, रिकॉर्ड भी जांचा

सुबह के समय जब बैंक खुलने ही वाले थे, तभी पंचकूला से आई टीम सीधे शाखाओं में पहुंच गई। अधिकारियों ने बैंक स्टाफ से पूछताछ की और जरूरी रिकॉर्ड की जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से कुछ समय के लिए बैंक परिसर में हल्का तनाव का माहौल बन गया। डी–पार्क रोहतक स्थित कोटक महिंद्रा बैंक की शाखा में एहतियातन पुलिस बल भी तैनात किया गया, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे। हालांकि, जांच प्रक्रिया शांतिपूर्वक पूरी की गई।

### करीब साढ़े दस बजे तक चली जांच

सूत्रों के अनुसार, जांच टीम ने करीब साढ़े दस बजे तक दोनों बैंकों में अपनी कार्रवाई पूरी की। इस दौरान आम ग्राहकों की एंट्री सीमित रही, जिससे किसी तरह की भीड़ या अव्यवस्था न हो। टीम के लौटते ही पुलिस भी वापस चली गई और माहौल सामान्य हो गया।

### 11 बजे बाद शुरू हुआ सामान्य कामकाज

जांच पूरी होने के बाद करीब 11 बजे दोनों बैंकों की शाखाओं में रोजमर्रा का कामकाज फिर सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया। हालांकि ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई और बैंकिंग सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहीं।

### एसपी ने दी जानकारी

एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि पंचकूला में कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़ा 160 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आया है, जिसकी जांच जारी है। इस कड़ी में एयू स्माल फाइनेंस बैंक से भी कुछ एंट्री सामने आई हैं, जिसके चलते जांच टीम रोहतक की शाखाओं में भी पहुंची थी।

## पंडित बनकर 77 हजार की ऑनलाइन ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

■ नई दिल्ली के सरिता विहार में रहने वाले सुनील उर्फ अखिल पुत्र जगदीश व बदरपुर निवासी सोहेल उर्फ अली पुत्र ईमानुदीन के रूप में हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने 77 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले को सुलझा लिया है। इस ठगी में शामिल दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले की गहन जांच जारी है। थाना शिवाजी कॉलोनी के प्रभारी निरीक्षक राकेश सैनी के अनुसार, काठ मंडी निवासी सुमन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि 8 मार्च को सुमन के पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को 'पंडित' बताते हुए कहा कि वह अपने बच्चे को डॉक्टर के पास लेकर आया है और उसके फोन में गूगल पे काम नहीं कर रहा।

आरोपी ने विश्वास में लेकर कहा कि वह किसी अन्य व्यक्ति से सुमन के खाते में पैसे डलवा देगा, जिन्हें वह आगे दिए गए खाते में ट्रांसफर कर दे। झांसे में आकर सुमन ने अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 77 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। मामले की जांच मुख्य सिपाही दिनेश द्वारा की गई। तकनीकी और गुप्त सूचना के आधार पर 29 मार्च को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील उर्फ अखिल पुत्र जगदीश, निवासी फरीदाबाद (हाल किरायेदार, सरिता विहार, नई दिल्ली) सोहेल उर्फ अली पुत्र ईमानुदीन, निवासी बदरपुर, नई दिल्ली के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और ठगी के नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### प्रशासन सुविधा के लिए प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**रोहतक**।उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला वासियों को आश्वस्त किया है कि जिले में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जरूरत के अनुसार ही गैस बुकिंग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। डीसी ने कहा कि जिले में 35 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं, जहां प्रतिदिन लगभग 7 से 7.5 हजार सिलेंडरों की खपत होती है, जबकि 8 से 10 हजार सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति हो रही है। इसी तरह पेट्रोल और डीजल की सप्लाई भी पूरी तरह सुचारू है। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों और अन्य उपभोक्ताओं से यथासंभव पीएनजी कनेक्शन अपनाने का आग्रह किया। किसी भी समस्या के समाधान के लिए जिला स्तर पर ग्रीवेंस रिड्रेसल सेल और 24 घंटे हेल्पलाइन नंबर 89501-27117 जारी किया गया है।

### भदाना में सूने घर से सोने चांदी के आभूषण चोरी

**सोनीपत**। भदाना में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मकान मालिक दंपति के दिल्ली इलाज के लिए जाने का फायदा उठाकर चोर नकदी और सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। मामले में कविता नामक महिला ने पुलिस को शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि उनके पति दिनेश दिव्यांग हैं और वह उन्हें दवा दिलाने के लिए दिल्ली गई थीं। सोमवार को घर लौटने पर मकान के ताले टूटे मिले और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**सोनीपत**। थाना कुंडली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर चोरीशुदा बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान नितिन निवासी गांव सेवली के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 20 मार्च 2026 को समीर निवासी गांव सबोली ने शिकायत दी थी कि वह सुबह करीब 9 बजे पार्कर मॉल में फिल्म देखने गया था और अपनी बाइक पार्किंग में खड़ी की थी। फिल्म खत्म होने के बाद उसकी बाइक गायब मिली। सहायक उप निरीक्षक रवि ने टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार किया। पुलि ने उसे न्यायालय में पेश कर, जहां से अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## गेहूं की खरीद के लिए प्रशासन की तैयारियां पूरी, 15 मई तक चलेगी प्रक्रिया

# कल से कनक की खनक : जिले की 9 मंडियों में होगी खरीद ,10 अप्रैल के बाद पकड़ेगी तेजी

## 24 हिदायतें जारी, गेट पास कटने के 48 से 72 घंटे में मिलेगी राशि

**डीसी के निर्देश व्यवस्थाएं रहें दुरुस्त, ना हो दिक्कत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले की प्रमुख अनाज मंडियों सांघी, किलोई, मदीना, लाखनमाजरा, खरक कलां, कलानौर, रोहतक, सिलो लाहली और सांपला में एक अप्रैल से गेहूं (कनक)की सरकारी खरीद शुरू होने जा रही है। इसको लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। मंडियों में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, तौल कांटे, बारदाना और किसानों के ठहरने जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। प्रशासन का दावा है कि इस बार किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। मंडियों में फसल उठान के लिए एजेंसियों की तैनाती की गई है और समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के भी निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, खरीद सीजन के दौरान लगातार निगरानी रखी जाएगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही सामने न आए। ध्यान रहे कि अन्य वर्षों की तरह ही इस बार भी 15 मई तक सरकार गेहूं की खरीदारी करेगी। जिले की अनाज मंडियों में हर साल गेहूं की आवक शुरुआती दिनों में धीमी रहती है और 10 अप्रैल के बाद ही इसमें तेजी देखने को मिलती है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण फसल की लेट कटाई को माना जा रहा है। इस बार भी यही रुझान सामने आने की संभावना जताई जा रही है।



**रोहतक**। अधिकारियों की मीटिंग लेते डीसी सचिन गुप्ता। फोटो :हरिभूमि

**रोहतक**। रबी सीजन के तहत गेहूं खरीद को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने 24 अहम हिदायतें जारी की हैं। इन निर्देशों का मुख्य उद्देश्य किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाना और मंडियों में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाना है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि गेहूं की खरीद 15 मई तक जारी रहेगी, जिसके लिए सभी संबंधित विभागों को पूरी तैयारी के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। ध्यान रहे कि बुधवार एक अप्रैल से गेहूं की खरीद प्रारंभ होनी है। सरकार द्वारा जारी निर्देशों में खरीद स्टाफ की नियमित ड्यूटी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया है, ताकि मंडियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। इसके साथ ही किसानों की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए मंडियों में पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था और छाया जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मंडियों तक आने-जाने वाली सड़कों की कनेक्टिविटी को भी दुरुस्त रखने को कहा गया है, ताकि किसानों को आवागमन में कोई परेशानी न हो। आढ़तियों को किसानों की फसल को सुरक्षित रखने के लिए तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं बारदाने की कमी न हो, इसके लिए भी संबंधित एजेंसियों को पहले से स्टॉक सुनिश्चित करने को कहा गया है। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए गेट पास कटने के 48 से 72 घंटे के भीतर उनकी राशि सीधे बैंक खातों में जमा करने का प्रावधान सख्ती से लागू करने को कहा गया है। प्रशासन ने पीआर-1 रजिस्टर को सही तरीके से मेंटेन करने के निर्देश भी दिए हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। मंडी गेटों की नियमित मॉनिटरिंग और 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों को चालू रखने के आदेश दिए गए हैं,।

### किसानों को राहत : मंगलवार से साफ होगा मौसम

उधर, मौसम भी किसानों के लिए राहत भरी खबर लेकर आ रहा है। बीते 24 घंटे से खराब बने मौसम के बाद मंगलवार से आसमान पूरी तरह साफ होने की संभावना है। मौसम साफ होने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को कटाई और कढ़ाई के लिए बेहतर परिस्थितियां मिलेंगी। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि अगले 20-25 दिनों तक मौसम साफ बना रहता है, तो किसान आसानी से अपनी फसल की कटाई और मंडियों तक ढुलाई का कार्य पूरा कर सकेंगे। हालांकि, पिछले एक-दो दिनों के बदलते मौसम ने किसानों की चिंता जरूर बढ़ाई थी। कई क्षेत्रों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने से फसल को नुकसान की आशंका बनी रही। लेकिन अब मौसम के साफ होने के संकेत से किसानों ने राहत की सांस ली है और कटाई कार्य में तेजी लाने की तैयारी शुरू कर दी है।

#### शुरुआती दिनों में गेहूं आवक रहती है सीमित

कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते गेहूं की फसल पकने और कटाई में देरी हो जाती है। कई बार मार्च के अंतिम सप्ताह में बादल, हल्की बारिश के कारण किसान कटाई शुरू नहीं कर पाते, जिससे फसल खेतों में ही खड़ी रहती है। परिणामस्वरूप मंडियों में शुरुआती दिनों में आवक सीमित रहती है। किसानों का कहना है कि जब तक फसल पूरी तरह सूख नहीं जाती, तब तक कटाई और कढ़ाई करना जोखिम भरा होता है। मंडी आढ़तियों का भी मानना है कि हर साल पहले सप्ताह में आवक कम रहती है और दूसरे सप्ताह से अचानक बढ़ोतरी होती है।

#### व्यवस्था पर प्रशासन सतर्क

किसानों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा और मंडियों में व्यवस्था बेहतर रही, तो इस बार खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो जाएगी। वहीं, प्रशासन भी इस बार किसी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए पहले से सतर्क नजर आ रहा है।

## सांपला में दिनभर भारी वाहनों पर रोक मंडी में खरीद को लेकर पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

नई फसल की आवक के साथ ही सांपला अनाज मंडी में खरीद प्रक्रिया को सुचारू और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। मंडी में इस बार अव्यवस्था से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदयभान मलिक ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किसानों को फसल



बिक्री से लेकर भुगतान तक किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी एजेंसियों को पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित रखने पर विशेष जोर दिया गया है। शहर में जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है, ताकि शहर और मंडी क्षेत्र में यातायात सुचारू बना रहे। मंडी में फसल के उठान को लेकर भी सख्ती दिखाई गई है। चेयरमैन ने बताया कि खरीद के बाद 24 घंटे के भीतर फसल उठाना अनिवार्य किया गया है।

## नियमित स्ट्रेचिंग से प्रतिस्पर्धात्मक आयु में होती है वृद्धि : डॉ. अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धात्मक आयु बढ़ाने में स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज की भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों को विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान और खेल प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण बताया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रसिद्ध फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अजय पाल नाथ ने स्ट्रेचिंग एक्ससरसाइज के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नियमित स्ट्रेचिंग से लचीलापन बढ़ता है, चोटों की संभावना कम होती है और खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धात्मक आयु में वृद्धि होती है। उन्होंने विभिन्न प्रकार की स्ट्रेचिंग तकनीकों का प्रदर्शन भी किया और उनके सही उपयोग के बारे में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।


**रोहतक**। आयोजित विस्तार व्याख्यान में मौजूद प्रोफेसर व विद्यार्थी।

## बाइपोलर उपचार योग्य मानसिक बीमारी : डॉ. प्रीति

### 66 छात्रों ने की सक्रिय भागीदारी, रोग के उपचार की जानी विधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में विश्व बाइपोलर दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 66 फिजियोथेरेपी छात्रों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए बाइपोलर विकार के प्रति लोगों को जागरूक करने का संदेश दिया। इस मौके पर मनोरोग विभाग की सीनियर प्रोफेसर डॉ. प्रीति सिंह ने बताया कि बाइपोलर विकार एक गंभीर लेकिन उपचार योग्य मानसिक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के मूड, ऊर्जा और व्यवहार में अत्यधिक उतार-चढ़ाव आता है। समय पर पहचान और उचित उपचार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। प्रोफेसर डॉ. पुरुषोत्तम ने कहा कि इस बीमारी के लक्षणों को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। शुरुआती अवस्था में इलाज शुरू करने से मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। वहीं, साइकियाट्रिक सोशल वर्क विभाग के प्रोफेसर डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार और समाज का सहयोग मरीज के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।


**रोहतक**। कार्यक्रम को सम्बोधित करते सीनियर प्रोफेसर डॉ. प्रीति सिंह ।

#### मरीजों को दिया परामर्श

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अविषा ने बताया कि यह विकार मस्तिष्क के रासायनिक असंतुलन से जुड़ा होता है, जिससे मूड में असामान्य बदलाव होते हैं। कार्यक्रम में एमफिल प्रथम वर्ष के छात्र भूपेंद्र ने हेल्पडेस्क के माध्यम से मरीजों के परामर्श और मार्गदर्शन में सहयोग दिया।

## जीव-जंतुओं की भलाई करना सच्ची राष्ट्रभक्ति : प्रो. शास्त्री

### किशोर संगम में बच्चों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रेमनगर स्थित आर्य चौपाल में मासिक “किशोर संगम” का आयोजन किया गया, जिसमें किशोरों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को “राष्ट्रभक्ति, मानवभक्ति और प्रभुभक्ति में क्या अंतर है। विषय पर अपने विचार रखने का अवसर दिया गया। अधिकांश बच्चों ने देश के लिए बलिदान, मानव सेवा और भगवान की पूजा को इनका आधार बताया। प्रतियोगिता के बाद प्रो. महावीर धीर शास्त्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति, पशु-पक्षी, पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं की भलाई करना ही सच्ची राष्ट्रभक्ति, मानवभक्ति और प्रभुभक्ति है। उन्होंने बताया कि जप, योग-व्यायाम, संतुलित आहार, धैर्य, दया, करुणा, प्रेम और सहयोग जैसे गुणों को अपनाना जीवन में आवश्यक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार स्वरूप महापुरुषों की जीवनियां भेंट की गईं। इस अवसर पर अमिताभ, शिवकुमार, राजेंद्र, रविंद्र और बलजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बिना आदेश व सूचना बदला बस रूट

### छात्राओं ने बेरी रोड पर बस रुकवाकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

छात्राओं के लिए संचालित रोडवेज बस का रूट बिना किसी पूर्व सूचना और लिखित आदेश के बदले जाने पर सोमवार सुबह सांपला में विरोध देखने को मिला। रोजाना रोहतक–समचाना–सांपला–इस्माईला मार्ग पर चलने वाली बस को आज दतोड़–आटायल–पाकस्मा होते हुए रोहतक भेजा जा रहा था, जिससे छात्राओं को असुविधा हुई। इस पर करीब 10-15 छात्राओं ने बेरी रोड, सांपला पर बस को रुकवाकर विरोध जताया। उनका कहना था कि बिना पूर्व सूचना रूट परिवर्तन से उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है और आवागमन में परेशानी बढ़ती है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने चालक से रूट परिवर्तन को लेकर जीएम का लिखित आदेश मांगा, लेकिन चालक कोई भी लिखित आदेश प्रस्तुत नहीं कर सका। इस दौरान मौखिक आदेश को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने बस को पुनः पुराने रूट इस्माईला के रास्ते रोहतक के लिए रवाना करवा दिया।


**सांपला**। बस को पुराने रूट पर रवाने करवाते पुलिस अधिकारी।

### कान की बाली तोड़कर फरार दो आरोपी पकड़े

**सांपला**। शहर के वार्ड नंबर-1 क्षेत्र में शनिवार सुबह सैर के लिए अपने बेटे के साथ निकली एक महिला के कान की बाली तोड़कर फरार हुए तीन कार सवार युवकों में से सांपला पुलिस ने आज दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली है । साथ ही वारदात में प्रयोग की गई एक काले रंग की स्विफ्ट कार को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है । इस बारे में जानकारी देते हुए ए , एस, आई रतन शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार युवकों की पहचान लक्की पुत्र गुलाब सिंह निवासी दयालपुर जिला सोनीपत व साहिल पुत्र ओमकंवार निवासी मेटिंडू के रूप में हुई है। इनका एक साथी अभी भी फरार है। जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### आईबी स्कूल में ग्लैम एंड ग्रेस इवेंट में 40 से अधिक महिलाओं ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

**रोहतक**। आईबी स्कूल की जूनियर ब्रांच स्मार्ट स्टार्ट ब्लू में “ग्लैम एंड ग्रेस” इवेंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 40 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर उत्साह और उमंग के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इवेंट के दौरान महिलाओं के लिए मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें तंबोला, म्यूजिकल चेयर और “ट्वेंटी फोर” जैसे गेम्स शामिल रहे। म्यूजिकल चेयर में मिस आंचल, तंबोला में मिस दीपिका व सुषमा और “ट्वेंटी फोर” में मिस अनिता चाहर विजेता रहीं। कार्यक्रम के दौरान कई महिलाओं ने मंच पर आकर अपने विचार भी साझा किए और ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस अवसर पर जलपान की भी व्यवस्था की गई, जहां सभी ने आपस में बातचीत कर अपने अनुभव साझा किए। अंत में सभी प्रतिभागियों ने ग्रुप फोटो के साथ इस यादगार पल को संजोया। यह कार्यक्रम तनिष्क के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें उनकी टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## फील्डवर्क के दौरान समाजशास्त्र के छात्रों ने जाना ग्रामीण भारत का बदलता परिवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित चार दिवसीय सामाजिक फील्ड वर्क कार्यक्रम खानपुर खुर्द, झाड़ली और झामरी गांवों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस फील्ड वर्क में डॉ. खजान सिंह सांगवान, डॉ. जितेंद्र प्रसाद, डॉ. नीरज सांगवान के साथ शोधार्थी डॉ. विकास, साक्षी, ज्योति, अजय और रूबी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। फील्ड वर्क के दौरान विद्यार्थियों ने घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया और क्षेत्र से जुड़े विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जानकारी एकत्रित की। इनमें स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं का सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रभाव एवं पर्यावरणीय बदलाव, ग्रामीण भारत में बदलते विवाह पैटर्न, किशोरियों में मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरूकता, गांवों में शिक्षा की गुणवत्ता, युवाओं की खेलों में भागीदारी और खेल सुविधाएं जैसे विषय शामिल रहे।


**रोहतक**। विद्यार्थियों के साथ फील्ड वर्क में डॉ. खजान सिंह सांगवान, डॉ. जितेंद्र प्रसाद व डॉ. नीरज सांगवान। फोटो : हरिभूमि

### डॉ. विजेंद्र बोले-एसोसिएशन लगातार कर रही सराहनीय कार्य

## जिला बार परिसर में नए शौचालयों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला बार परिसर में अधिवक्ताओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पुरुष व महिला शौचालयों का शुभारंभ सोमवार को किया गया। ये शौचालय बार भवन के प्रथम तल पर बनाए गए हैं, जिससे अधिवक्ताओं को लंबे समय से चली आ रही समस्या से राहत मिलेगी। कार्यक्रम में डॉ. विजेंद्र सिंह अहलावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जिला बार एसोसिएशन रोहतक अधिवक्ताओं के हित में लगातार सराहनीय कार्य कर रही है और भविष्य में भी इस प्रकार के विकास कार्य जारी रहने चाहिए। बार एसोसिएशन के प्रधान दीपक हुड्डा ने बताया कि अधिवक्ताओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए ये शौचालय बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य अधिवक्ताओं की समस्याओं का समाधान करना है और आगे भी इसी दिशा में कार्य जारी रहेगा। इस मौके पर एक और खास पहलू देखने को मिला, जब अधिवक्ताओं ने डॉ. अहलावत का 61वां जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया। उनका फूल-मालाओं व पुष्प गुच्छों से भव्य स्वागत किया गया।


**रोहतक**। शुभारंभ करते पूर्व चेयरमैन डॉ. विजेंद्र सिंह अहलावत ,प्रधान दीपक हुड्डा।

#### ये अधिवक्ता रहे मौजूद

उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में महासचिव राजकरण पंघाल, लाइब्रेरी इंचार्ज अनिल कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल जैन, ओमप्रकाश पूनिया, रामकिशन सुहाग, रमेश अरोड़ा, यशपाल चुघ, सुरेंद्र लौरा, पूर्व प्रधान उमेश भारद्वाज सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। महिला अधिवक्ताओं की भी सक्रिय भागीदारी रही।

## खबर संक्षेप



### एनएसएस कैंप में योग व 'पंच परिवर्तन' पर जोर

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रोहतक में 30 मार्च को आयोजित एनएसएस साप्ताहिक शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ हुई। शिविर के प्रथम सत्र में स्कूल लेक्चरर डॉ. सोनिया वर्मा ने स्वयंसेवकों को योग और व्यायाम का महत्व समझाते हुए व्यावहारिक अभ्यास भी करवाया। इसके बाद एल.एन. हिंदू कॉलेज की सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रोमिला यादव ने 'पंच परिवर्तन' विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम अधिकारी मंजू ने मुख्य वक्ता का आभार जताते हुए स्वयंसेवकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और भारतीय संस्कृति पर गर्व करने की प्रेरणा दी।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ।

### स्वामी राघवेन्द्र ने दिया नशामुक्ति का संदेश

**रोहतक।** संपूर्ण हरियाणा में सनातन धर्म के प्रचार और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध चलाई जा रही 'राघवेन्द्र संकल्प यात्रा' का भव्य आयोजन रोहतक के गांधी कैंप स्थित नीलकंठ मंदिर में किया गया। इस अवसर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण स्वामी शंकरानंदजी महाराज के श्रीमुख से हुआ सुंदरकांड का पाठ रहा। स्वामीजी ने अपनी ओजस्वी वाणी से सुंदरकांड की चौपाइयों का गायन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने संबोधन में सनातन धर्म की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म ही समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का सबसे सशक्त माध्यम है।

## वर्ष में दो महीने रहती हैं बंद

# जिले में कल से शुरू होंगी 47 सरकारी खेल नर्सरियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले में सरकारी खेल नर्सरियां एक अप्रैल से दोबारा से शुरू होंगी। नर्सरियां वर्ष में दो महीने बंद रहती हैं। सरकार की ओर से खेल नर्सरी चलाने के लिए अप्रैल से जनवरी तक की अनुमति दी जाती है। जनवरी में नर्सरियां भंग कर दी थी, इस कारण फरवरी व मार्च में बंद रहती हैं। फरवरी व मार्च में में खिलाड़ियों की वार्षिक परीक्षाएं होती हैं। इसके बाद अब अप्रैल में नर्सरियां दोबारा से शुरू होंगी। पिछले सत्र में कुल 75 खेल नर्सरी चल रही थी। जिसमें 41 सरकारी और 34 प्राइवेट खेल नर्सरी शामिल थी। एक अप्रैल से 47 सरकारी खेल नर्सरी शुरू होगी। हालांकि, खेल विभाग की ओर से अभी प्राइवेट खेल नर्सरियों की सूची जारी नहीं की गई है। इस बार ओलिंपिक, एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों में शामिल मुख्य खेलों को प्राथमिकता दी गई हैं। इसका उद्देश्य निचले स्तर पर प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें कम उम्र से ही पेशेवर प्रशिक्षण, कोचिंग और आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराना है, ताकि स्कूल और पंचायतों में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार किए जा सकेंगे। इन नर्सरियों में 8 से 14 और 15 से 19 वर्ष के खिलाड़ियों का ट्रायल के आधार पर चयन किया जाता है। प्रत्येक खेल नर्सरी में कोच के पास 25 खिलाड़ी होते हैं।

### खिलाड़ियों को दिया जाता खुराक भत्ता



खेल नर्सरियों में सरकार की ओर से खिलाड़ियों को खुराक भत्ता दिया जाता है। 8 से 14 वर्ष तक के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 1,500 रुपये और 15 से 19 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 2,000 रुपये की राशि दी जाती है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को पर्याप्त पोषण उपलब्ध करवाना है।

### कोचों को निर्देश जारी

एक अप्रैल से 47 खेल नर्सरी शुरू होंगी। सभी कोचों को निर्देश जारी कर दिए हैं। अभी प्राइवेट खेल नर्सरी की विभाग की ओर से सूची जारी नहीं की है।
**-अनूप,** जिला खेल अधिकारी, रोहतक।

### पोत्री के जन्म पर कुआं पूजन



**रोहतक।** गांव समर गोपालपुर में जोगेंद्र के परिवार में पोत्री वामिका के जन्म के उपलक्ष्य में पारंपरिक कुआं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर परिवार और ग्रामीणों ने मिलकर बेटी के जन्म की खुशी मनाई और "लड़की-लड़का समान" का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पं. अमित शौनक सहित परिवार के सदस्य पूनम, विकास, मोहित, उमा, रमा, शालू, भतेरी देवी, राजू, मंजीत, रमेश, विजय, संजय, कौशिक, लक्ष्मी, निर्मल, बिमला और गुड्डी ने नाच-गाकर खुशी का इजहार किया। पूरे माहौल में उत्साह और उमंग देखने को मिली। परिजनों ने कहा कि आज के समय में बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं और समाज में उनकी बराबरी की भागीदारी बेहद जरूरी है। इस आयोजन के माध्यम से बेटियों के सम्मान और समान अधिकार का संदेश भी दिया गया।

### भव्य भजन संध्या में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**रोहतक।** जैन सभा के तत्वाधान में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के 2625वें जन्म कल्याणक महोत्सव की पूर्व संध्या पर सिविल रोड स्थित महावीर पार्क में भव्य भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुनि निश्चिंत सागर जी महाराज एवं आर्यिका रत्न सरस्वती भूषण माता जी के सानिध्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि एलपीएस बोसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन व अन्य ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष शीश नवाया। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि ड्रा से विजेताओं को सम्मानित किया। जैन सभा प्रधान रवि जैन व अन्य ने अतिथियों का स्वागत किया। मंगलवार को प्रात: 8 बजे झज्जर रोड स्थित जैन जती जी से भव्य स्वर्ण रथ यात्रा निकाली जाएगी।

### केवीएम स्पेशल स्कूल का परिणाम घोषित



**रोहतक।** केवीएम कॉलेज ऑफ एजूकेशन के अंतर्गत संचालित केवीएम स्पेशल स्कूल में विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कॉलेज के डायरेक्टर कर्मवीर मायना ने बताया कि स्कूल में दिव्यांग बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है। परिणाम घोषणा के दौरान सभी विद्यार्थियों को उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद अभिभावकों के लिए जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया और समाधान करने का प्रयास किया गया। मौके पर डॉ. धर्मवती, आशा, सुमन, शैलजा, पूजा सहित स्टाफ भी उपस्थित रहे।

### जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में ग्रेजुएशन समारोह



**रोहतक।** गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के नन्हे विद्यार्थियों के लिए भव्य ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद नन्हे विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और अन्य प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सबसे खास पल तब रहा जब बच्चों ने मंच पर आकर अपने भविष्य के सपनों को साझा किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक ने बच्चों को ग्रेजुएशन कोट और कैप पहनाकर प्रमाणपत्र प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक ने सभी का धन्यवाद किया। समारोह बच्चों के लिए यादगार अनुभव बन गया।

### सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार परिणाम



**रोहतक।** सैनी सीनियर सेकेंड्री स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। बेहतर परिणामों से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर के सैनी ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं सैनी एजुकेशन सोसायटी के प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधान धर्म सिंह दहिया, उपप्रधान बुधराम सैनी, सचिव जगदीश कुमार, बलवंत सैनी, सुनील कुमार, रविंदर कुमार, सैनी गर्ल्स स्कूल मैनेजर ऋतुराज सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## हौसलों की उड़ान : हादसे को मात देकर खेल को बनाया जीवन

# ट्रेन हादसे में पैर गंवाने के बाद भी सुधीर ने पैरा फेंसिंग नेशनल में जीते दो रजत

» कोच की सलाह और सुधीर की मेहनत लाई रंग, कभी
» पीछे मुड़कर नहीं देखा

साल 2022 में राजीव गांधी स्टेडियम में कोच सुनील फोगाट के मार्गदर्शन में फेंसिंग (तलवारबाजी) सीखना शुरू किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

कहा जाता है कि अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो, तो बड़ी से बड़ी बाधा भी रास्ता नहीं रोक सकती। इसे सच कर दिखाया है रोहतक के सिंहपुरा खुर्द निवासी सुधीर सिंह ने। सुधीर ने हाल ही में आयोजित पैरा फेंसिंग नेशनल चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) और टीम इवेंट दोनों में रजत पदक (सिल्वर मेडल) हासिल किए हैं। यह लगातार तीसरी नेशनल चैंपियनशिप है जिसमें सुधीर ने पदक जीतकर अपने गांव, जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है।



### यह सफर आसान नहीं था

साल 2018 में हुए एक दर्दनाक ट्रेन हादसे में उन्होंने अपना एक पैर गंवा दिया था। इस हादसे ने उनके जीवन को पूरी तरह बदल दिया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। साल 2022 में उन्होंने राजीव गांधी स्टेडियम में कोच सुनील फोगाट के मार्गदर्शन में फेंसिंग (तलवारबाजी) सीखना शुरू किया। कोच की सलाह और सुधीर की मेहनत का नतीजा यह रहा कि उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सुधीर की उपलब्धियों का सिलसिला साल 2024 से शुरू हुआ, जब उन्होंने फेंसिंग में 4 मेडल जीते। इसके बाद 2025 में 2 मेडल और अब 2026 में तीसरी बार लगातार नेशनल मेडल जीतकर अपनी सफलता को बरकरार रखा है।

### एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप

## दीपक और प्रीति ने अगले दौर में किया प्रवेश





**रोहतक।** एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पहले दिन हरियाणा के मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मुकाबले जीते। यह प्रतियोगिता 28 मार्च से 12 अप्रैल तक मंगोलिया में आयोजित की जाएगी। एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 21 राष्ट्रीय महासंघों के 194 मुक्केबाज भाग ले रहे हैं, जिनमें 20 से अधिक ओलंपियन शामिल हैं।सोमवार को खेले गए मुकाबलों में हरियाणा के दो मुक्केबाज रिंग में उतरे और दोनों ने जीत दर्ज कर प्रदेश का नाम रोशन किया।महिलाओं के 54 किलोग्राम वर्ग में, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पवार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कजाकिस्तान की पूर्व एशियाई अंडर-22 चैंपियन एलिना बज़ारोवा पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में एशियाई युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक ने संयमित प्रदर्शन करते हुए सामरिक अनुशासन और दृढ़ता का प्रदर्शन किया, जिसकी बदौलत उन्होंने उज्बेकिस्तान के खवासबेक असदुल्लायेव को 3-2 के विभाजित निर्णय से हराया। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

# राजकीय कन्या विद्यालय में वार्षिक परिणाम घोषित, प्रशिक्षण के साथ विकास पर जोर

■ कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलका मदान ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कलानौर में 30 मार्च को वार्षिक परिणाम घोषणा समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रभारी अमित हुड्डा ने की, जबकि एसएमसी इंचार्ज चंदा देवी के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यालय प्रभारी ने अभिभावकों व सदस्यों और विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया। परिणाम घोषणा के दौरान कक्षा अनुसार विद्यार्थियों की उपलब्धियों को साझा किया गया और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत प्रशिक्षण चरण-4 का आयोजन किया गया, जिसमें ब्लॉक रिसोर्स पर्सन अरविंद विकास ने सदस्यों को विद्यालय विकास, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के विषय में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर चंदा देवी ने सदस्यों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए विद्यालय के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अलका मदान ने किया। अंत में पूरे स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मार्केट न्यूज

## 'टैलेंटेड रितु इंसान' इंस्टीट्यूट द्वारा टैगोर सभागार में फैशन शो का आयोजन



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सभागार में 'टैलेंटेड रितु इंसान' द्वारा आयोजित भव्य फैशन शो में देश के 7 राज्यों की 40 शाखाओं से आए स्टूडेंट्स ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। रंगारंग प्रस्तुतियों, रैंप वॉक और मॉडलिंग के जरिए प्रतिभागियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में हिमांशु ग्रोवर, सौम्या ग्रोवर तथा वार्ड-8 की पार्षद अंजू सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संस्था के को-फाउंडर रविंद्र सिवाच तथा रोहतक शाखा के डायरेक्टर रोहित पूनिया और अंजलि पूनिया ने आयोजन की कमान संभाली और अतिथियों का स्वागत किया। मशहूर हरियाणवी गायक 'केडी' देसी रॉक के कार्यक्रम ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजक रितु इंसान ने स्टूडेंट्स के टैलेंट की सराहना करते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। संस्था ने 1 अप्रैल से नए बैच की घोषणा करते हुए युवाओं से जुड़ने का आह्वान भी किया।

# शिक्षा भारती में मेधावी छात्र सम्मानित

■ पुरस्कार वितरण समारोह दिया सफलता का मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड में सत्र 2025-26 का वार्षिक परिणाम दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वावधान एवं हिंदू शिक्षा समिति के संरक्षण में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परम भूषण आर्य (डीएचईओ रोहतक) और विशिष्ट अतिथि ब्रजेश गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे पुरस्कार वितरण से हुई, जबकि 11 बजे वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी बताया। विद्यालय के परिणामों में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्री-नर्सरी से लेकर वरिष्ठ कक्षाओं तक छात्रों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विज्ञान, वाणिज्य और कला वर्ग के विद्यार्थियों ने भी शानदार उपलब्धियां हासिल कीं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला सहित अन्य सदस्यों ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी।

कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली के बाद अब रोहतक में भी
IIT-JEE/NEET/NDA
6th to 12th class & 12th pass
की स्पेशल कोचिंग
MEGA SEMINAR & SCHOLARSHIP TEST
31 March (Tuesday)
10:00 am & 3:00 pm
SPECIAL BATCH FOR NEET 2026 CRASH COURSE
1 Week Free Trial Class Before ADMISSION
100% Scholarship / Free Schooling
KOTA CLASSES
144-L Model Town, Near C.R. Polytechnic College, Rohtak
Contact 97285-44433, 98964-51410

## विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए किया प्रेरित

# एचडी पब्लिक स्कूल में 'वार्षिक परिणाम उत्सव' की धूम, मेधावियों को साइकिल व नकद पुरस्कार

■ अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एचडी पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर में कक्षा 3 से 8वीं, 9वीं और 11वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में 'वार्षिक परिणाम उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक व खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ईश्वर सिंह, निदेशक सुरेंद्र सिंह फौगाट, अकादमिक निदेशिका कृष्णा फौगाट और प्राचार्य दुलाल देब द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। परिणाम घोषणा के साथ ही पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य आकर्षण रहा। विद्यालय प्रबंधन ने कक्षा 3 से 8वीं, 9वीं व 11वीं में ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को साइकिल देकर सम्मानित किया, जिससे उन्हें शारीरिक रूप से सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया जा सके। इसके अलावा प्रत्येक कक्षा के अन्य उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुस्तक सेट, मोमेंटो और प्रमाण पत्र दिए गए, जबकि प्रतिभाशाली छात्रों को नकद पुरस्कारों से भी नवाजा गया। देव बल्हारा को विशेष रूप से 5100 रुपये की राशि से सम्मानित किया गया। साइंस निबंध लेखन में गरिमा 2100 रुपये और नव्या 1500 रुपये पोस्टर मेकिंग में मीनाक्षी 2100 रुपये को पुरस्कार मिले। खेलों में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। योगा स्टेट लेवल में सोनाक्षी को 5100, आर्यन व लक्षित को 3100-3100 दिए गए। जूडो स्टेट चैंपियनशिप में दीपांशु व कपिल को सिल्वर मेडल के साथ 3100-3100, जबकि दक्ष व लक्ष्य को ब्रॉन्ज मेडल के साथ 2100-2100 रुपये प्रदान किए गए। अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। निदेशक सुरेंद्र सिंह फौगाट और प्राचार्य ने कहा कि यह परिणाम केवल अंकों का नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के माहौल में हुआ।




**रोहतक।** एचडी पब्लिक स्कूल में मेधावियों को साइकिल व नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोहतक के शिक्षकों को किया सम्मानित



■ एससीईआरटी गुरुग्राम में राज्य स्तरीय समारोह में मिला पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एससीईआरटी गुरुग्राम हरियाणा द्वारा 30 मार्च 2026 को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में रोहतक जिले के शिक्षकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडिशनल डायरेक्टर सुनील बजाज ने सम्मान प्रदान किया। गणित अध्यापक अनिल कौशिक को प्रोग्राम और प्रोग्राम में बेहतरीन योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने पूरे हरियाणा के विद्यार्थियों को लाइव क्लास के माध्यम से गणित पढ़ाकर शिक्षा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाई है। इसके अलावा डाइट मदीना से जुड़े गणित प्राध्यापक सुमित कुमार, जितेंद्र और पूनम को जिला रोहतक में मेंटर के रूप में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर दिया गया। इस उपलब्धि से रोहतक जिले में खुशी का माहौल है और अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिली है।

## खबर संक्षेप



### अधिकारियों ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**रोहतक।** सोमवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों की समस्याएं सुनी गई। इसी तरह जिला के महम व सांपला उपमंडल मुख्यालयों पर भी समाधान शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में उपमंडल के उच्चाधिकारियों द्वारा नागरिकों की समस्याएं सुनी गई।

### एमडीयू-सीपास टीम ने जीता पहला स्थान



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एलाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपास), गुरुग्राम की टीम ने ओ.पी. टंडन राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता ट्रिनिटी इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, द्वारका द्वारा हाल ही में आयोजित की गई।

## ट्रैफिक डायवर्ट कर पुलिस कर रही हादसे रोकने के प्रयास

### खरावड़ बाइपास पर एक साल में 762 हादसे, दिल्ली से रोहतक एंट्री पर रोक

# ब्लैक स्पॉट को व्हाइट बनाने की कोशिश


### पुलिस की तैनाती बढ़ेगी, नियम तोड़े तो होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले का खरावड़ बाइपास अब सड़क हादसों का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि पिछले एक साल में यहां करीब 762 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन आंकड़ों ने न केवल प्रशासन बल्कि आम लोगों को भी झकझोर कर रख दिया है। इसके लिए सोमवार को सुबह 11 बजे से लेकर करीब 3 बजे तक प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दिल्ली से रोहतक की एंट्री को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस के अनुसार, खरावड़ बाइपास पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं के चलते इस स्थान को ब्लैक स्पॉट घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन का मानना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में हादसों की संख्या और बढ़ सकती है।

▶▶ ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर किया डायवर्ट

▶▶ लोगों ने कहा संकेतक, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था और निगरानी की कमी बन रही हादसों का कारण



एआई जनरेटेड फोटो

#### यह मार्ग वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा

खरावड़ बाइपास पर हालात ऐसे बन चुके हैं कि यह मार्ग अब वाहन चालकों के लिए जोखिम भरा साबित हो रहा है। तेज रफ्तार से दौड़ते वाहन, भारी ट्रैफिक दबाव और सड़क की बनावट में खामियां मिलकर इसे हादसों का हॉटस्पॉट बना रही हैं। कई दुर्घटनाओं में लोगों को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि कुछ मामलों में जान का नुकसान भी हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस बाइपास पर पर्याप्त ट्रैफिक संकेतक, स्पीड कंट्रोल व्यवस्था और निगरानी की कमी लंबे समय से बनी हुई है, जिसके कारण दुर्घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

#### सुरक्षा के किए जाएंगे विशेष इंतजाम

प्रशासन द्वारा इस पूरे क्षेत्र का विस्तृत सर्वे कराया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही खरावड़ बाइपास को आधिकारिक रूप से ब्लैक स्पॉट घोषित किया जा सकता है। इसके बाद यहां सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जाएंगे, जिनमें स्पीड ब्रेकर, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, बैरिकेडिंग और सीसीटीवी निगरानी शामिल होगी। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाने और नियमों के उल्लंघन पर सख्ती करने की भी योजना बनाई जा रही है।

#### हादसों पर कुछ हद तक रोक

हादसों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन दिल्ली से रोहतक आने वाले वाहनों की एंट्री कुछ समय के लिए बंद कर दी थी। इस दौरान ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया गया, जिससे स्थिति को नियंत्रित करने में मदद मिली। हालांकि, यह कदम अस्थायी था, लेकिन इससे हादसों पर कुछ हद तक रोक लगाने में सफलता मिली।

## सरकारी स्कूलों में खेल सामग्री के लिए 12.83 करोड़ का बजट जारी

### 24 घंटे में करना होगा इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद (एचएसएसपीपी) ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों में खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। परिषद ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत खेल सामग्री की खरीद के लिए 12,83,70,000 (12.83 करोड़ रुपये) की प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी प्रदान कर दी है। परिषद के राज्य परियोजना निदेशक की ओर से जारी आदेश के अनुसार, यह राशि प्रदेश के सभी 22 जिलों के 14,019 स्कूलों को आवंटित की गई है। इसमें प्राथमिक विद्यालय को 5,000 प्रति स्कूल, उच्च प्राथमिक विद्यालय को 10,000 प्रति स्कूल, माध्यमिक व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को 20,000 प्रति स्कूल बजट जारी किया है। इस बार खेल सामग्री की खरीद सीधे स्कूलों द्वारा की जाएगी। इसके लिए एक विशेष समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य सचिव स्कूल मुखिया, सदस्य स्थानीय सरपंच या नगर पार्षद, विशेष सदस्य खेल पृष्ठभूमि वाला एक एसएमसी सदस्य, तकनीकी सदस्य जिला एईओ/एईईओ और स्कूल के शारीरिक शिक्षा शिक्षक शामिल है।

#### सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश

एचएसएसपीपी ने सभी जिला परियोजना समन्वयकों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे इस अनुदान का उचित उपयोग 31 मार्च तक सुनिश्चित करें। समितियों को निर्देश दिया गया है कि वे स्कूल की वास्तविक आवश्यकता का आकलन करें और गुणवत्तापूर्ण खेल उपकरणों की खरीद के बाद सभी बिल और उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला कार्यालय में जमा करें। रोहतक जिले के खेल बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए कुल 400 स्कूलों का चयन किया गया है, जिनके लिए 45.15 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। इसमें 211 प्राथमिक विद्यालय, 32 उच्च प्राथमिक, 43 माध्यमिक और 114 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं।

#### पैसा स्कूलों को किया ट्रांसफर

*हमारे पास बजट आ चुका है, हमने स्कूलों को ट्रांसफर कर दिया है। स्कूलों के प्राचार्य को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। स्कूल प्राचार्य ने भी वेंडर के पास भेज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।*

*-सुमन हुड्डा, जिला परियोजना समन्वयक, रोहतक*

## फूड सेफ्टी में करियर के सुनहरे मौके विशेषज्ञों ने दिए सफलता के मंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में सोमवार को एडवांस्ड फूड सेफ्टी मैनेजमेंट विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

■ एमडीयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में फूड सेफ्टी मैनेजमेंट पर व्याख्यान आयोजित

माइक्रोबायोलॉजी विभाग कि अध्यक्ष डॉ पूजा सुनेजा ने प्रारम्भ में स्वागत भाषण देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को फूड इंडस्ट्री में गुणवत्ता, डॉक्यूमेंटेशन और रोजगार से जुड़ी आवश्यकताओं के बारे में जागरूक करना है। विभाग द्वारा एडवांस्ड फूड सेफ्टी मैनेजमेंट पाठ्यक्रम फूड माइक्रोबायोलॉजी इंडस्ट्री की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। मुख्य वक्ता के रूप में विभाग के पूर्व छात्र एवं क्वालिटी एश्योरेंस मैनेजर दीपक कम्बोज ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि एमएससी के साथ-साथ उन्होंने एफएसएसएआई के विभिन्न सर्टिफिकेशन कोर्स पूरे किए और कई फूड कंपनियों में कार्य किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर तो पर्याप्त हैं, लेकिन योग्य उम्मीदवारों की कमी है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार स्वयं को तैयार करने, तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ अपने सीवी को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के टिप्स भी दिए।



**रोहतक।** व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों के साथ मुख्य वक्ता क्वालिटी एश्योरेंस मैनेजर दीपक कम्बोज व माइक्रोबायोलॉजी विभाग कि अध्यक्ष डॉ पूजा सुनेजा।

## एफडीडीआई ने जिप चेयरमैन मंजू हुड्डा को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**रोहतक।** जिले के शैक्षणिक एवं सामाजिक परिदृश्य में सोमवार को एक अहम पहल देखने को मिली, जब एफडीडीआई रोहतक ने जिला परिषद रोहतक की चेयरमैन मंजू हुड्डा को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया। 30 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में यह घोषणा की गई, जिसमें संस्थान के अधिकारियों व गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर एफडीडीआई प्रबंधन ने कहा कि मंजू हुड्डा के नेतृत्व और सामाजिक सरोकारों को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अनुभव और जनसंपर्क से संस्थान की गतिविधियों को व्यापक पहचान मिलेगी तथा युवाओं को कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों के प्रति जागरूक किया जा सकेगा। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंजू हुड्डा ने इस जिम्मेदारी के लिए संस्थान का आभार जताते हुए कहा कि वह एफडीडीआई के साथ मिलकर जिले के युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है और इस दिशा में संस्थान की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस पहल को शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक कदम बताया।



## बदलते समय के साथ ऑनलाइन शिक्षा की भूमिका बढ़ रही : धनखड़

*प्रो. राजेश ने संभाला सीडीओई में निदेशक पद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानन्द यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) में सोमवार को प्रो. राजेश धनखड़ ने निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दीं। कार्यभार संभालने के बाद प्रो. राजेश धनखड़ ने अपनी नियुक्ति पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा एवं कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे सीडीओई को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। प्रो. राजेश धनखड़ ने कहा कि बदलते समय के साथ ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और तकनीक-आधारित शिक्षा प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

इस अवसर पर प्रॉक्टर प्रो. रणदीप राणा, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नसीब सिंह गिल, प्रो. राजेश पुनिया, प्रो. युद्धवीर, प्रो. प्रीति गुलिया, प्रो. शीलू चौधरी, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. गोपाल सिंह, डॉ. प्रदीप गहलोत, डॉ. विपिन दास, डॉ. राजेश कुमार, डॉ विवेक बाल्यान, डॉ. बबीता खोसला, डॉ. गीता, डॉ. सुनीता मल्हान, अशोक सचदेवा, हरजेन्द्र खुराना, अलका खुराना, खैराती लाल, सुचेता, ज्योति समेत शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रो. धनखड़ को बधाई व शुभकामनाएं दीं।



### अर्थशास्त्र विभाग की शोधार्थी भव्या चौधरी को राष्ट्रीय सेमिनार में मिला बेस्ट पेपर अवॉर्ड

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की शोधार्थी भव्या चौधरी ने राष्ट्रीय सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए असेसिंग द इम्पैक्ट ऑफ़ जीएसटी ऑन रिन्यूएबल एनर्जी एक्सपेंशन विषय पर प्रस्तुत अपने शोध पत्र के लिए बेस्ट पेपर प्रेजेंटेशन अवॉर्ड प्राप्त किया। यह सेमिनार नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी एंड इंक्लूसिव ग्रोथ विषय पर गत 27–28 मार्च को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में आयोजित किया गया। सेमिनार का आयोजन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय द्वारा इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च के सहयोग से किया गया था। शोधार्थी भव्या चौधरी ने अपने शोध निर्देशक डॉ. जगदीप कुमार के मार्गदर्शन में यह शोध कार्य प्रस्तुत किया।




### छात्राओं ने आईएचटीएम में समझे करियर और स्टार्टअप के अवसर

**रोहतक।** हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर में करियर संभावनाओं को समझने के उद्देश्य से गवर्नमेंट पीजी कॉलेज फॉर वीमेन, रोहतक के गृह विज्ञान विभाग की 30 छात्राओं के दल ने सोमवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के होटल एवं पर्यटन प्रबंधन संस्थान (आईएचटीएम) का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दल के साथ डॉ. रितु हुड्डा, डॉ. पंकज और डॉ. मोनिका भी मौजूद रहीं। आईएचटीएम निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने छात्राओं का स्वागत करते हुए बताया कि आज हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन केवल नौकरी नहीं, बल्कि उद्यमिता और नवाचार के बड़े अवसर प्रदान करते हैं।

## काला पीलिया रोकथाम की पहल : नाई व ब्यूटी पार्लर कर्मियों को किया जागरूक

### 'सुरक्षित रहो, सुरक्षित रखो' थीम पर देश का पहला ट्रेनिंग प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

काला पीलिया (हेपेटाइटिस बी और सी) के इलाज के साथ-साथ इसके बचाव को लेकर पीजीआईएमएस रोहतक द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हाई रिस्क श्रेणी में आने वाले नाई और ब्यूटी पार्लर कर्मचारियों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके।

पीजीआईएमएस के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण मल्होत्रा के नेतृत्व में देश का पहला बारबर एवं ब्यूटी पार्लर ट्रेनिंग प्रोग्राम चलाया जा रहा है, जिसकी थीम "सुरक्षित रहो, सुरक्षित रखो" रखी गई है। इसके तहत कर्मियों को खुद सुरक्षित रहने और ग्राहकों को भी सुरक्षित रखने के उपाय बताए जा रहे हैं। अभियान के दौरान नाई और पार्लर स्टाफ को निशुल्क सुरक्षा किट वितरित की जा रही है, जिसमें ब्लेड व उपकरण रखने के लिए कंटेनर, संक्रमण खत्म करने के केमिकल, पेपर नैपकिन और सैनिटाइजर शामिल हैं। एमटीएफसी संस्था के सहयोग से यह मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में 20 नाई कर्मचारियों को किट वितरित की गई और उन्हें हेपेटाइटिस बी की निशुल्क वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशे से दूर रहने, संतुलित आहार लेने और व्यायाम करने की सलाह भी दी गई।

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि पीजीआईएमएस में हेपेटाइटिस बी व सी की जांच, सलाह, इलाज और वैक्सीनेशन की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है। जिले के करीब 650 पार्लर कर्मियों को इस अभियान से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।





### महिला वृद्ध आश्रम में लगा डेंटल कैंप, बुजुर्गों को मिला उपचार और जागरूकता का लाभ

**रोहतक।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य माह के अवसर पर पीजीआईएमएस के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा सोमवार को महिला वृद्ध आश्रम, श्रीनगर कॉलोनी में डेंटल स्क्रीनिंग एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य बुजुर्ग महिलाओं को दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना रहा। शिविर का आयोजन डॉ. मंजुनाथ बीसी, डॉ. आदर्श कुमार, डॉ. विपुल यादव, डॉ. भावना सबरवाल और डॉ. जग्रीति के मार्गदर्शन में किया गया, जबकि पीजी छात्रा डॉ. कनुप्रिया और डॉ. प्राची ने इसकी व्यवस्था संभाली। शिविर के दौरान आश्रम में रहने वाली महिलाओं की दंत जांच की गई और जरूरत अनुसार विभिन्न उपचार किए गए। इनमें दांतों की सफाई (स्केलिंग), दांतों की मरम्मत (रेस्टोरेशन) और खराब दांत निकालने (एक्सट्रैक्शन) जैसी प्रक्रियाएं शामिल रहीं। डॉक्टरों की टीम ने इस दौरान बुजुर्गों को दांतों की सही देखभाल, नियमित सफाई और संतुलित आहार के महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि बढ़ती उम्र में दंत समस्याएं आम होती हैं, लेकिन समय पर जांच और उपचार से इनसे बचा जा सकता है। शिविर के माध्यम से न केवल उपचार किया गया, बल्कि बुजुर्गों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने सेमिनार में किया आह्वान, बचाव के उपाय बताए

# युवा नशे से दूर रहे, जागरूक भी करें : शुभम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सोमवार को नशा मुक्ति सेमिनार का आयोजन वैश्य इंजीनियरिंग कॉलेज के महाराजा अग्रसेन ऑडिटोरियम में किया गया। इसका शुभारंभ मंडल के आयुक्त के ओएसडी शुभम द्वारा किया गया। सेमिनार में वैश्य संस्था के विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 450 छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक वर्ग ने भाग लेकर नशा मुक्ति के संदेश को आत्मसात किया। शुभम ने कहा कि भारत को नशा मुक्त बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि समाज में भी इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि जागरूक युवा ही समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

#### परिवार एवं समाज की सबसे बड़ी भूमिका

सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में गुडगांव से आईं डॉ. ज्योति मेहरा ने विस्तारपूर्वक बताया कि किस प्रकार युवा वर्ग एवं अन्य लोग नशे की लत का शिकार हो जाते हैं तथा इससे बचाव के उपाय क्या हैं। उन्होंने मानसिक, सामाजिक एवं पारिवारिक कारणों पर भी प्रकाश डाला। सिविल अस्पताल से डॉ. प्रथम कायदान ने अपने संबोधन में बताया कि नशे से पीड़ित व्यक्ति किस प्रकार स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेकर इस समस्या से बाहर आ सकता है। उन्होंने परिवार एवं समाज की भूमिका को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही नशा मुक्ति संभव है।




#### नशे से जुड़े पहलुओं पर प्रकाश डाला

*कार्यक्रम के दौरान स्टेट यूथ अवार्डी विपुल शर्मा ने भी उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी तथा युवाओं को नशा विरोधी अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के नशों एवं उनकी उपलब्धता से जुड़े पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को अल्पाहार प्रदान किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में वैश्य एजुकेशन सोसायटी, रोहतक के प्रधान विकास गोयल का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।*